बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

# मासिक प्रतिवेदन

## सितम्बर 2021

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

(आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार)

# बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

विषय सूची | पेज नं.


(A) अभियंताओं/वास्तुविदों/संवेदकों/राजमिस्त्रियों को भूकम्परोधी निर्माण तकनीक से संबंधित प्रशिक्षण 01

(B) मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम 02

(C) सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस पदाधिकारियों का ऑनलाइन संवेदीकरण 03–04

(D) सोनपुर मेला, 2021: पैवेलियन एवं जन जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी के लिए बैठक 05

(E) जीविका दीदियों का "आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन" विषय पर तीन दिवसीय "मास्टर ट्रेनर्स" प्रशिक्षण 06

(F) शहरी स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों का "आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन" विषय पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण 07

(G) अस्पताल अग्नि सुरक्षा कार्यक्रम 08–09

# बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

## मासिक प्रतिवेदन (सितम्बर, 2021)

### (A) अभियंताओं/वास्तुविदों/संवेदकों/राजमिस्त्रियों का भूकम्परोधी निर्माण तकनीक से संबंधित प्रशिक्षण

दिनांक 30 सितम्बर 2021 तक राज्य के सभी 38 जिलों के साथ साथ भूकम्पीय जोन V के 8 जिलों (किशनगंज, अररिया, सुपौल, मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मधुबनी एवं सीतामढ़ी) में दरभंगा और मधुबनी को छोड़कर भूकम्परोधी भवन निर्माण तकनीक पर अनुभवी राजमिस्त्रियों के सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे बैच का प्रशिक्षण पूरा किया गया। इस प्रकार **दिनांक 30 सितम्बर 2021 तक कुल 18,905 अनुभवी राजमिस्त्रियों** को मुख्यालय सहित 37 जिलों (समस्तीपुर को छोड़) में (मुख्यालय सहित) कुल 2633 असैनिक अभियंताओं को **भूकम्परोधी भवन निर्माण एवं रेट्रोफिटिंग तकनीक** प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

दिनांक 02 सितम्बर 2021 को 16 राजमिस्त्रियों के अगामी प्रशिक्षण (प्रशिक्षक एवं भावी प्रशिक्षक) के लिए एक दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स के तहत प्राधिकरण सभा कक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। पंचायत चुनाव, 2021 के कारण प्रशिक्षण कार्यक्रम को तत्काल रोक दिया गया है।

## (B) मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

पूर्व से संचालित मदरसा के फोकल शिक्षकों के दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के 55 बैच का प्रशिक्षण मार्च, 2021 तक सम्पन्न कर लिया गया, परंतु कोरोना वैश्विक महामारी कोरोना के कारण यह प्रशिक्षण अप्रैल 2021 से बंद करना पड़ा पुनः यह प्रशिक्षण कार्यक्रम को दिनांक 05 अगस्त, 2021 से प्रारंभ हुआ। मदरसा बोर्ड के सहयोग से सितंबर माह में सात प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन यूथ हॉस्टल, फ्रेज़र रोड, पटना में सम्पन्न हुआ।

सितंबर माह में हुए सातों सत्रों में शामिल प्रतिभागियों की संख्या इस प्रकार हैः—

| क्र. सं. | प्रशिक्षण तिथि | प्रतिभागियों कि संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 01- 02सितंबर | 26 |
| 2 | 06 -07 सितंबर | 26 |
| 3 | 09 -10 सितंबर | 29 |
| 4 | 13-14 सितंबर | 08 |
| 5 | 16 -17 सितंबर | 22 |
| 6 | 20 - 21 सितंबर | 28 |
| 7 | 23 - 24 सितंबर | 14 |
| | सितंबर माह में कुल प्रशिक्षित | 153 |
| | पूर्व में कुल प्रशिक्षितों की संख्या | 2439 |
| | अब तक कुल प्रशिक्षितों की संख्या | 2592 |

## (C) सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस पदाधिकारियों का ऑनलाइन संवेदीकरण

प्राधिकरण द्वारा पुलिस महानिरीक्षक (यातायात), कार्यालय, पटना के सहयोग से सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु जागरूकता एवं बचाव के तरीकों आदि के संबंध में कुल 04 ऑनलाइन संवेदीकरण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, अंचल पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्ष आदि शामिल हुए। इस संवेदीकरण कार्यक्रम में सड़क दुर्घटनाओं के परिदृश्य के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिभागियों को अवगत कराया गया कि सड़क दुर्घटना एक ऐसी मानव जनित आपदा है जिसे कम करने/रोकने में सभी Road Users एवं संबंधित विभागों/संस्थानों की संयुक्त जबावदेही है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु यह आवश्यक है कि हम सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित खतरों/जोखिमों को चिह्नित कर इसे कम करने के सभी आवश्यक उपायों के क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा के उपायों जैसे वाहन चलाते समय हेलमेट का उपोग अनवार्य रूप से करने, सड़क पार करते समय दाहिने–बांये एवं सामने देखकर सड़क पार करने, तीव्र गति से वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल एवं इयर फोन का उपयोग न करने आदि के बारे में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से संवेदीकरण किया गया।

प्रतिभागियों को सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित खतरों को चिह्नित करने, जोखिम न्यूनीकरण एवं पूर्व तैयारी के महत्व के बारे में भी अवगत कराया गया। सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन हेतु प्रवर्तन जैसे लाईसेंस एवं वाहन फिटनेस जांच आदि कार्यों का सम्पादन दैनिक कार्यों के साथ ही किये जाने का सुझाव दिया गया। दैनिक कार्यों के दौरान ही विद्यालयों/महाविद्यालयों, ट्रक–टेम्पों स्टैंड्स आदि पर छात्र/छात्राओं, वाहन चालकों के बीच सड़क सुरक्षा के विभिन्न आयामों के बारे में संवेदीकरण करने का सुझाव दिया गया।

प्रतिभागियों को Road Safety Engineering Measures जैसे रोड डिजांइन, साइनेज, एलाइनमेन्ट, क्रॉस सेक्सन, रोड सेफ्टी ऑडिट, ब्लैक स्पॉट एवं ग्रे स्पॉट आदि के बारे में अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को अस्पताल पूर्व चिकित्सा के बारे में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को दुर्घटनास्थल पर बरती जाने वाली सावधानियों एवं अन्य सामान्य नियमों के बारे में जानकारी दी गयी। उन्हें रक्तश्राव रोकने के उपायों, हड्डी टुटने की स्थिति में घायल व्यक्ति की सहायता के तरीके, दम घुटने जैसी स्थिति में प्राथमिक उपचार के तरीके सी0पी0आर0 आदि के बारे में प्रतिभागियों को अवगत

कराया गया। अगस्त माह में इस कार्यक्रम में मुजफ्फरपुर, मोतीहारी, गोपालगंज, बेतिया एवं बगहा जिलों के कुल 95 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

ऑनलाइन संवेदीकरण कार्यक्रम निम्न जिलों में संचालित किये गये। सितम्बर माह में प्रतिभागियों की उपस्थिति सहित जिलों का विवरण इस प्रकार हैः–

| क्र0सं0 | जिला का नाम | दिनांक | प्रतिभागियों की संख्या (लगभग) |
|---|---|---|---|
| 1 | सारण, वैशाली, सिवान, सीतामढ़ी एवं शिवहर | 01 सितम्बर 2021 | 95 |
| 2 | पटना, गया, अरवल एवं नवादा | 08 सितम्बर 2021 | 85 |
| 3 | भोजपुर, बक्सर, रोहतास एवं भभुआ (कैमुर) | 14 सितम्बर 2021 | 89 |
| | | कुल | 269 |
| | अब तक इस कार्यक्रम में प्रशिक्षित प्रतिभागियों की कुल संख्या | | 364 |

## (D) सोनपुर मेला 2021 पैवेलियन एवं जन जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी के लिए बैठक

सोनपुर मेला, 2021 में प्राधिकरण द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन के लिए पंडाल एवं पैवेलियन बनाया जायेगा इसके लिए दिनांक 29.09.2021 को श्री पी0 एन0 राय, मा0 सदस्य की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिए गएः–

1. सोनपुर मेला में प्राधिकरण के पंडाल के अन्दर एवं बाहर आयोजित जन जागरूकता गतिविधियों के आयोजन हेतु हितधारकों के साथ एक बैठक होगी जिसमें मेले का थीम एवं अन्य गतिविधियों के आयोजन पर चर्चा होगी। इस बैठक में प्राधिकरण के पदाधिकारी/प्रोफेशलन्स भी भाग लेंगे।
2. हितधारकों की संख्या के अनुसार उनके आवासन एवं भोजन की समुचित व्यवस्था का निर्णय लिया गया है।
3. विभिन्न आपदाओं के बारे में जन जागरूकता के संबंध में विडियों क्लिप्स के प्रदर्शन हेतु पंडाल के अंदर विडियो कॉर्नर बनाने का निर्णय लिया गया।
4. एन0डी0आर0एफ0, एस0डी0आर0एफ0, अग्निशमन सेवाएं एवं सिविल डिफेंस व अन्य के द्वारा गतिविधियों के प्रदर्शन के अलावा प्राधिकरण के कामकाज के प्रदर्शन पर विचार किया गया।
5. जिला प्रशासन, सारण से समन्वय कर सोनपुर मेला क्षेत्र में बनाए गए मुख्य स्टेज पर प्राधिकरण की गतिविधियों का प्रदर्शन 05–07 दिनों तक कराए जाने का निर्णय लिया गया।

## (E) जीविका दीदियों का ''आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन'' विषय पर तीन दिवसीय ''मास्टर टेनर्स'' प्रशिक्षण




राज्य में जीविका दीदियों की संख्या एक करोड़ दस लाख है। सभी जीविका दीदियों को "आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन" विषय पर प्रशिक्षित किए जाने का लक्ष्य है। इन दीदियों को प्रशिक्षित किए जाने हेतु तीन दिवसीय राज्य स्तरीय "मास्टर ट्रेनर्स" का प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम मॉड्यूल ''प्राकृतिक आपदाएं'' विषय पर प्रथम बैच दिनांक 10–12 अगस्त 2021 से राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, पटना में आरंभ किया गया। जिसमें कुल 27 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। इन प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से जीविका दीदियों को जागरूक करने का लक्ष्य है। इस आलोक में सितम्बर 2021 में आयोजित दो बैचों में प्रशिक्षण कार्यक्रम में 50 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। विवरण इस प्रकार है:–

| क्र0सं0 | दिनांक | प्रतिभागी जिला | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | 01–03 सितम्बर, 2021 | मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी एवं शिवहर | 22 |
| 2. | 14–16 सितम्बर, 2021 | गोपालगंज, प0 चम्पारण, पूर्वी चम्पारण एवं सिवान | 28 |
| | | कुल | 50 |
| अब तक इस कार्यक्रम में प्रशिक्षित प्रतिभागियों की कुल संख्या | | | 77 |

## (F) शहरी स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों का ''आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन'' विषय पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण



प्राधिकरण द्वारा 'आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन'' विषय पर शहरी स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के क्षमता विकास के उद्देश्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन का निर्णय लिया गया, ताकि शहरी निकायों के प्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं नागरिक संवेदित हों। इसी क्रम में नगर निकायों के प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम बैच फरवरी, 2020 से आरंभ किया गया। सितम्बर, 2021 में नगर पंचायत बहादुरगंज एवं ठाकुरगंज के वार्ड पार्षदों एवं पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रकार अब तक कुल 67 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया है। इसका विवरण इस प्रकार है:—

| बैच सं0 | प्रशिक्षण की अवधि | नगर निकाय | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | 26—28 फरवरी 2020 | दरभंगा नगर निगम | 19 |
| 2. | 04—06 मार्च 2020 | बेनीपुर नगर परिषद, जोगबानी नगर पंचायत | 25 |
| 3. | 07—09 सितम्बर, 2021 | नगर पंचायत बहादुरगंज एवं ठाकुरगंज | 23 |
| | | कुल | **67** |

# बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

## (G) अस्पताल अग्नि सुरक्षा

'अस्पताल अग्नि सुरक्षा कार्यक्रम' के तहत '16 बिंदु अग्नि प्रवणता सूचकांक' के आधार पर सितम्बर माह में राज्य के कुल 117 अस्पतालों का निरीक्षण किया गया जिसमें 47 सरकारी एवं 70 निजी अस्पताल शामिल हैं। इन अस्पतालों का निरीक्षण प्राधिकरण के दिशा निर्देश में अग्निशाम सेवाएं के अधिकारियों द्वारा किया गया, निरीक्षण का विवरण इस प्रकार है:—

माह सितम्बर 2021 में अस्पतालों/नर्सिंग होमस् के भवनों में फायर ऑडिट का ऑकड़ा।

| क्र0सं0 | जिला का नाम | कोविड अस्पताल | | | नन कोविड अस्पताल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सरकारी | निजी अस्पताल | कुल | सरकारी | निजी अस्पताल | कुल |
| 1 | पटना | 0 | 0 | 0 | 2 | 6 | 8 |
| 2 | नालंदा | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 | 7 |
| 3 | रोहतास | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 3 |
| 4 | भभुआ | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | भोजपुर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | बक्सर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | गया | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | जहानाबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 2 |
| 9 | अरवल | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | नवादा | 9 | 0 | 9 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | औरंगाबाद | 0 | 0 | 0 | 1 | 5 | 6 |
| 12 | छपरा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | सिवान | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | गोपालगंज | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 |
| 15 | मुजफ्फरपुर | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 |
| 16 | सीतामढ़ी | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | 4 |
| 17 | शिवहर | 2 | 0 | 2 | 0 | 3 | 3 |
| 18 | बेतिया | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 | 4 |
| 19 | बगहा | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 20 | मोतिहारी | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 21 | वैशाली | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 22 | दरभंगा | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 23 | मधुबनी | 2 | 0 | 2 | 4 | 0 | 4 |
| 24 | समस्तीपुर | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 | 8 |
| 25 | सहरसा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | सुपौल | 0 | 1 | 1 | 0 | 4 | 4 |
| 27 | मधेपुरा | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 28 | पूर्णिया | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 29 | अररिया | 0 | 0 | 0 | 2 | 4 | 6 |
| 30 | किशनगंज | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 31 | कटिहार | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 32 | भागलपुर | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 14 |
| 33 | नवगछिया | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 34 | बाँका | 0 | 0 | 0 | 2 | 4 | 6 |
| 35 | मुंगेर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 36 | लखीसराय | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 37 | शेखपुरा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 38 | जमुई | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 3 |
| 39 | खगड़िया | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 | 4 |
| 40 | बेगुसराय | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 |
| | कुल योग | 18 | 2 | 20 | 29 | 68 | 97 |

'16 बिन्दु अग्नि प्रवणता सूचकांक' के विस्तारित प्रति के प्राधिकरण के अवैतनिक सलाहकार के साथ साझा किया गया एवं सूचकांक को और प्रभावकारी बनाने हेतु उनके महत्वपूर्ण सुझाव लिए गये।

दिनांक 21.09.2021 को प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग एवं अन्य पदाधिकारियों ने अस्पताल अग्नि सुरक्षा पर बने मॉडलों के जरिये भवनों एवं अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा संबंधित आवश्यक उपायों के प्रावधानों एवं स्वचालित अत्याधुनिक संयंत्रों के उचित अधिष्ठापन आदि के बारे में जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान प्रधान सचिव ने इन मॉडलों के बनावट की प्रशंसा की साथ ही साथ भविष्य में इस तरह के मॉडल बनवाकर अपने विभाग के लोगों एवं अन्य हितधारकों का क्षमतावर्धन करने की आवश्यकता व इच्छा व्यक्त की।